Sonbhadra News: बिल्डिंग मैटेरियल की प्रतिष्ठित दुकान पर बेचा जा रहा था नकली सीमेंट शेड, मुंबई से पहुंची टीम तो सामने आया सच, दुकानदार हिरासत में

Sonbhadra News: ऊर्जाधानी का दर्जा रखने वाले अनपरा में बिल्डिंग मैटेरियल की प्रतिष्ठित दुकान पर नकली सीमेंट शेड (मकान के छाजन के लिए प्रयोग की जाने वाली सीमेंट चादर) बेचे जाने का मामला सामने आया है। रविवार की शाम यह सच तब सामने आया, जब मुंबई से संबंधित कंपनी की टीम पुलिस के साथ दुकान पर पहुंची। मौके पर 53 नकली सीमेंट चादर बरामद करने के साथ ही, दुकानदार को हिरासत में लेकर अनपरा थाने लाया गया जहां आरोपी दुकानदार से पूछताछ करने के साथ ही संबंधित कंपनी के अधिकारी की तहरीर पर मामले में कॉपीराइट एक्ट की धारा 63/64 और ट्रेडमार्क एक्ट की धारा 103/104 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई।

इआईपीआर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड यूनिट नं. 14 AB प्रथम तल मित्तल चैंबर 228 नरीमन प्वाइंट थाना मरीन लाइन पुलिस स्टेशन मुंबई में मार्केटिंग व चेकिंग अफसर अजय कुमार पुत्र जगनिवास सिंह ने अनपरा पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह सीमेंट चादर का उत्पादन करने वाली JSW कंपनी से भी मार्केटिंग और चेकिंग के लिए अधिकृत है। उसका काम JSW से संबंधित उत्पाद की देश भर में मार्केट से सूचना संकलन करना है। इसी क्रम में उसे सूचना मिली कि अनपरा में कुछ दुकानदार JSW की नकली सीमेट चादर बेच रहे हैं। रविवार की दोपहर बाद अनपरा नगर पंचायत की बिल्डिंग मैटेरियल से जुड़ी क्या दिक्कत है दुकानों पर पहुंचकर पहुंचकर अपने स्तर से जब शिकायत की पुष्टि की तो नकली सीमेंट चादर बेचे जाने की पुष्टि हो गई।

Source: https://newstrack.com/uttar-pradesh/sonbhadra/fake-cement-shed-sold-material-shop-shopkeeper-in-custody-sonbhadra-news-419088